तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 17 जून 2026

18 जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा एवं महिला जागृति शिविर में बाल...



16 समर कैंप का उत्साहपूर्ण समापन, बच्चों ने...





## खबर संक्षेप

### पाररास रेलवे फाटक 11 घंटे रहेगा बंद

**बालोद।** दक्षिण मध्य पूर्व रेल्वे द्वारा पत्र जारी करते हुए पाररास रेल्वे फाटक के मरम्मत के कारण आवाजाही बंद की जानकारी प्रदान की गई है।



पत्र में कहा गया है कि बालोद कुसुमकसा स्टेशन के मध्य स्थित समपार फाटक पाररास फाटक में स्थित है। उक्त फाटक पर आंशिक एवं पूर्ण रूप से रेल्वे ट्रै के मरम्मत का कार्य 17 जून बुधवार रात्रि 9 बजे से 18 जून गुरूवार के सुबह 8 बजे तक किया जाएगा। जिसके कारण समपार फाटक से वाहनो का आवागमन बंद रहेगा। इसलिए पाररास फाटक से आवागमन करने वाले वाहनो को इसके जगह पाररास अंडरब्रिज एवं बाईपास से आवागमन करने के लिए सूचना प्रदान की गई है।

### छत्तीसगढ़ देवदास समाज की जिला स्तरीय बैठक आज

**बालोद।** छ.ग.देवदास समाज जिला बालोद का जिलास्तरीय बैठक 17 जून को सार्थक अपार्टमेंट के समीप सभागार बालोद में दोपहर 12 बजे से रखी गई है। उक्त बैठक में सामाजिक उत्थान हेतु सामाजिक विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा होगी! बैठक में बालोद जिला से प्रांतीय पदाधिकारी, पुर्व प्रांतीय पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ सहित बालोद जिला से नौ परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति आपेक्षित रहेगी। यह जानकारी जिला सचिव श्री–गौकरण कुंभकार ने दी है।

### 9 माह से वेतन नहीं मिलने पर जल प्रदाय योजना के ऑपरेटरों ने रोका काम

**बालोद/निकुम।** विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम खुरसुनी में करोड़ों की लागत से बनी जल प्रदाय योजना कर्मचारियो को वेतन भुगतान नही होने के कारण बंद पड़ी हुई है जो लचर सिस्टम के कारण दिनभर बंद पड़ी रहती है। जहां गांव की इस वाटर प्लांट सिस्टम से पूरे सात गांव खुरसुनी, देवरी द, बम्हनी चिरचार, देवसरा, गोडेला में पानी सप्लाई होती हैं, लेकिन बीते 9 महीने तीन कर्मचारी ऑपरेटर ईश्वर साहू, संजू साहू, लीकेश साहू को वेतन नहीं मिलने से आर्थिक तंगी से गुजर रहे है। कर्मचारियो ने बताया संबंधित विभाग के अधिकारी से कई बार अपनी समस्या रख चुके हैं। बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है, इसी कारण नाराज ऑपरेटर में 16 जून को वेतन नहीं तो काम नहीं करके पंप चालू नहीं किए हैं। गौर हो कि गर्मी के कारण पानी की समस्या गांव में बनी है, वही पानी सप्लाई नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीण अभी परेशान है। वहीं जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने कहा कि मानदेय दे कर व्यस्था सुधार करे। वही पीएचई एसडीओ गुण्डरदेही विशाल नेताम ने बताया कि विभागीय अधिकारी को समस्या से अवगत करा चुका हूं। पीएचई विभाग बालोद ईई सागर वर्मा ने फोन रिसीव नहीं किया।

### युवक से मारपीट, तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** समस्या का समाधान ना करने की बात करने पर तीन लोगों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5),, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मनहोरा थाना गुण्डरदेही निवासी उपेन्द्र कुमार चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि हमारे गांव में शीतला मंदिर के पास ग्राम विकास समिति का मीटिंग रखा गया था, जिसमें ग्राम विकास समिति अध्यक्ष धनसिंह साहू, ग्रामीण कन्हैया निषाद, कुलंजन मानिकपुरी, यशवंत पटेल, तुलसी मानिकपुरी, भागवत साहू के साथ मैं, भी बैठा था। शेष पेज 16

# लाटाबोड़ बायोगैस संयंत्र का सीईओ ने किया निरीक्षण, संचालन व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़ में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत स्थापित बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बायोगैस संयंत्र की वर्तमान संचालन स्थिति, गैस उत्पादन क्षमता, जैविक अपशिष्ट की उपलब्धता तथा रखरखाव व्यवस्था का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ चंद्रवंशी ने बायोगैस संयंत्र का संचालन अपेक्षित स्तर पर नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं संचालन से जुड़े कर्मियों को संयंत्र को शीघ्र पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बायोगैस संयंत्र का नियमित संचालन सुनिश्चित कर उपलब्ध गोबर एवं जैविक कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन किया जाए, जिससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। सीईओ चंद्रवंशी ने संयंत्र में नियमित रूप से गोबर एवं अन्य जैविक अपशिष्ट की आपूर्ति सुनिश्चित करने, तकनीकी कमियों को तत्काल दूर करने, इनलेट–आउटलेट की सफाई बनाए रखने तथा संचालन एवं रखरखाव की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बायोगैस संयंत्र ग्रामीण क्षेत्रें में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## किसानों को मिलेगा जैविक खाद का लाभ



### संचालन में कमी मिलने पर अधिकारियों को लगाई फटकार

निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामीणों को बायोगैस संयंत्र के लाभों के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि संयंत्र के सुचारू संचालन से स्वच्छ ईंधन के साथ–साथ उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद का उत्पादन भी संभव है, जिससे किसानों को लाभ प्राप्त होगा तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी। चंद्रवंशी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय–सीमा में आवश्यक सुधारात्मक कार्य पूर्ण कर बायोगैस संयंत्र को नियमित रूप से संचालित करने तथा इसकी प्रगति की सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों की नियमित निगरानी कर उनके प्रभावी संचालन को सुनिश्चित किया जा रहा है।

## प्रवेशोत्सव

# जिले के प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव नवप्रवेशी बच्चों का किया आत्मीय स्वागत

### प्रतिभाशाली बच्चों के पालकों ने दिया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। कक्षा पहिली में प्रवेश लेने वाले नन्हे मुन्हे बच्चो का गुलाल लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्नेह भरा स्वागत किया गया। सभी बच्चों को गणवेश एवं पाठ्य–पुस्तक वितरण किया गया। कक्षा पांचवी में कुमारी सिमरन प्रथम स्थान 94.50 प्रतिशत, तीरथ कुमार 91.50 प्रतिशत एवं खुमीता ने 90.50 प्रतिशत प्राप्त किया। इस अवसर पर इनके पालकों के द्वारा न्यौता भोजन दिया गया।

इस आयोजन में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केशवराम ठाकुर, सरपंच रेवाराम साहू, उपाध्यक्ष तालसिंह साहू, सांसद प्रतिनिधि टेसराम साहू, गोदावरी यादव, गंगेश्वरी निर्मलकर, सेवती साहू, मीना साहू, तामेशवरी साहू, मोतिम साहू, पुनीत राम साहू, खम्हन, हेमचंद साहू, रसोइया अंबिका साहू, देवेन्द्रकुमार साहू, प्रधान पाठक भुनेश्वरी नेताम एवं सहायक शिक्षक झामन लाल सोनवानी सहित गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक गण शामिल हुए।





### नए शिक्षण सत्र में खुले स्कूल, बच्चों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



**अंडा।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 16 जून से जिलेभर के स्कूल खुल गए। स्कूल खुलते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ देखने को मिला। लंबे समय बाद अपने साथियों और शिक्षकों से मिलने की खुशी बच्चों में झलक रही थी। ग्रामीण अंचलों में भी स्कूल खुलने को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। अण्डा, झोला, तिरगा, निकुम,भोथली, खड़ा, रूदा, विनायकपुर, भरदा, कोनारी सहित आसपास के गांवों में सुबह से ही बच्चे स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर समय से पहले पहुंचने लगे। कई जगह अभिभावक भी बच्चों को स्कूल छोड़ने पहुंचे। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर कई स्कूलों में विद्यार्थियों का चंदन-गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। शिक्षकों ने बच्चों का अभिनंदन करते हुए उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। स्कूल परिसर में पहले दिन बच्चों के बीच हंसी-खुशी और उमंग का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल खुलने से गांवों में फिर से शैक्षणिक माहौल बन गया है और बच्चों के भविष्य को लेकर नई उम्मीद जगी है। वहीं बच्चों ने बताया कि छुट्टियों के बाद स्कूल लौटकर उन्हें काफी खुशी हो रही है और वे नई कक्षाओं को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

### अरमुरकसा प्राथमिक शाला में हर्षोल्लास के साथ मनाया शाला प्रवेश उत्सव

**कुसुमकसा।** शासकीय प्राथमिक शाला अरमुरकसा में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम मंजू संजय बैस जनपद सदस्य जनपद पंचायत डौंडी के मुख्य अतिथि में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हलधर गोरे सरपंच ग्राम पंचायत अरमुरकसा ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ अध्यक्ष एवं समस्त उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा सभी नव प्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही उनको लड्डू खिलाकर उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंजू संजय बैस एवं मंचस्थ अतिथियों के कर कमलों से सभी नव प्रवेशित बच्चों को शाला गणवेश एवं पुस्तक प्रदान किया। उनके द्वारा सभी बच्चों के उत्साहवर्धन एवं शाला आने हेतु प्रेरित करने के लिए नव प्रवेशित सभी बच्चों को टिफिन बॉक्स प्रदान किए।सभी नव प्रवेशित बच्चे टिफिन पाकर प्रसन्नचित नजर आए। मंजू संजय बेस ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को नियमित स्कूल आने अच्छे से अध्यापन करने हेतु प्रेरित किए। आज के इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण प्रधान पाठक छत्रपाल देशमुख शिक्षक विजय कुमार गौरे कमलेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात सभी बच्चों को आंशिक न्योता भोज के रूप में मिठाई एवं नमकीन खिलाया। आज का यह न्योता भोज विजय कुमार गौरे शिक्षक के भाई लक्ष्मीकांत गौरे भाई बहु लिकेश्वरी गौरे के प्रथम पुत्री रत्न प्रप्ति के अवसर पर प्रदान किया गया।

# खनिज विभाग की कार्रवाई, अवैध रेत परिवहन में 7 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत खनिज विभाग के द्वारा 16 जून को गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम देवरी ख एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम घोटिया, पटेली एवं सिंघनवाही का औचक निरीक्षण किया गया। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 01 हाइवा सीजी 07 सीएन 2697 एवं 06 ट्रेक्टर मय ट्रॉली सीजी 07 सीजी 7243, सीजी 24 ई 8175, सीजी 24 यू 5202, सीजी 24 यू 5201, सीजी 24 बीजेड 8673 एवं स्वराज 704 एफई को जप्त कर थाना/आरक्षी केन्द्र गुण्डरदेही व बालोद के अभिरक्षा में रखा गया है। प्रकरण में नियमानुसार खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी खनिज जांच दल द्वारा खनिज के अवैध परिवहन, उत्खनन व भण्डारणकर्ताओं के विरूध्द निरंतर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

■ अवैध उत्खनन और परिवहन पर आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

# ट्रक से कुचलकर वृद्धा की मौत मामले में चालक को दो वर्ष का कारावास, 15 हजार रुपए का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला एवं सेशन न्यायालय बालोद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी ताजुद्दीन आसिफ के द्वारा आरोपी ग्राम मेंढ़की थाना बालोद निवासी लेखराम ठाकुर आ झगरू राम ठाकुर 45 वर्ष को धारा 185 मोटरयान अधिनियम के आरोप में 10,000 अर्थदण्ड तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 (1) के आरोप में 02 वर्ष के सश्रम कारावास, व 5,000 अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

समुचित जांच उपरांत आदेश, निर्णय प्राप्ति दिनाक से दो माह की अवधि के भीतर पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, 2018 के अंतर्गत पीड़ित क्षतिपूर्ति निधि से मृतिका के विधिक वारिसान को पर्याप्त प्रतिकर प्रदान करने हेतु माननीय न्यायालय द्वारा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद को निर्देशित किया गया है।



अभियोजन की ओर से प्रकरण की पैरवी सनद कुमार श्रीवास्तव, अतिरिक्त लोक अभियोजक के द्वारा किया गया, जिसके अनुसार प्रार्थी हिमांशु साहू दिनांक 29 नवंबर 2025 को थाना–बालोद में उपस्थित होकर इस आशय की लिखित शिकायत पेश की, कि दिनांक 29 नवंबर 2025 को समय 12 बजे उसकी दादी ग्राम मेढ़की में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में शामिल होने के लिए घर से निकली थी। उसकी दादी धीरे–धीरे करीबन 01 बजे ग्राम मेढ़की चौक के पास पहुंची थी, उसी समय ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएफ 8199 के चालक, अभियुक्त ने अपनी वाहन को आवासीय एवं भीड़–भाड़ वाले क्षेत्र में चलाते हुए ले जाकर उसकी दादी को ठोकर मार दी, जिससे उसकी दादी ट्रक के नीचे आ गई, जब आसपास के लोगों ने ट्रक को रोकने के लिए आवाज लगायी, तब अभियुक्त ने ट्रक रोककर उसे रिवर्स किया, जिससे उसकी दादी ट्रक के नीचे दब गई। अभियुक्त ट्रक द्वारा उसकी दादी को कुछ दूर घसीटते हुए शेष पेज 16 पर

# टेकाढोड़ा में नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

**कुसुमकसा।** डोंडी विकासखंड के ग्राम टेकाढोड़ा में बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास को नई दिशा देने वाले नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रकार टेकाम, प्रीति जनपद सदस्य ओम प्रकाश भुआर्य उपसरपंच विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि नीलिमा श्याम ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। शासन की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं माताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों, जिससे उनके स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के स्तर में निरंतर सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि नवीन भवन के निर्माण से आंगनबाड़ी गतिविधियों के संचालन में सुविधा होगी तथा हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होंगी। अतिथियों ने भवन का अवलोकन कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के कार्यों की सराहना की। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों के पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंचगण, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों शेष पेज 16 पर

■ बच्चों के बेहतर भविष्य की ओर बढ़ा कदम

# बुजुर्ग और उसके बेटे से मारपीट दो आरोपियों पर मामला दर्ज

बीएलडी न्यूज 14

बालोद। पत्थर फेकने से मना करने पर दो लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम पाउवारा वार्ड नं 20 भाठापारा थाना रनचिरई निवासी बाबूलाल डहरे ने पुलिस को बताया कि रात घर के बाहर रोड में खाट बिछाकर मेरी लडकियां सोयी हुई थी तो रात में कोई व्यक्ति दो तीन बार पत्थर फेक कर मारा, तब मेरी बच्चियां घर अंदर आ गई। सुबह जानकारी होने पर कि उक्त पत्थरबाजी का काम गांव के ओमकार कुमार कोसरे व चंद्रकांत महिलांगे किये है। तब मेरा बेटा सुरेश कुमार डहरे उनके घर जाकर उनके माता पिता को घटना की जानकारी देकर समझाईश देकर आया था।

अगले दिन शाम के जब मेरी नातीन नल से पानी भरकर घर ला रहे थे उसी समय घर के पास ओमकार कोसरे व चंद्रकांत महिलांगे इनको देखकर गालियां देने लगा, जिसकी जानकारी पर मैं उनको गाली गलौज करने से मना किया। तब ओमकार कुमार कोसरे व चंद्रकांत महिलांगे दोनो मुझे गालीयां देते हुए हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे, झगडा मारपीट होते देख मेरा बेटा सुरेश कुमार डहरे भी वहां आकर बीच बचाव करने लगा, तो उसके साथ भी मारपीट किये है। मारपीट के दौरान चंद्रकांत महिलांगे अपने हाथ में पहने चुडा से मेरे सिर में मारा है जिससे मेरा सिर में चोट आकर खुन निकला है।

# निकासी नाली बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश, समस्या समाधान की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम चरोटा के ग्रामीणो ने एक व्यक्ति पर पानी निकासी नाली बंद करने का आरोप लगाते हुए निकासी नाली निर्माण करने के संबंध में अधिकारी को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में मांग किया गया है कि ग्राम चरोटा ग्राम पंचायत उमरादाह में विगत पूर्वजो के समय से बस्ती बसने उपरांत पानी नाली का निकासी था, ग्राम में निवासरत भूमिस्वामियो द्वारा मिट्टी डालकर सड़क मे निर्मित पुल एवं समस्त निकासी का रास्ता भूमि स्वामी द्वारा बंद कर दिया गया है। जबकि किसानो का समस्त कृशि कार्य व ग्रामीण पेयजल व्यवस्था एवं बारिश का संपूर्ण पानी इसी मार्ग से होकर जाता है। निकासी नाली बंद होने के कारण घरों मे जल भराव की स्थिति हो जाएगी। इससे ग्रामीण स्वास्थ्य शेष पेज 16 पर

■ बारिश में जलभराव और पेयजल संकट की आशंका

## उपचार के दौरान सुविधाओं की कमी का उठाया मुद्दा

# स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जिला अस्पताल में विशेष वार्ड की मांग को लेकर सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वास्थ्य एवं बहुद्देशीय कर्मचारी संघ, जिला बालोद के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यरत एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों, अधिकारियों तथा उनके परिवारजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय बालोद में विशेष वार्ड स्पेशल वार्ड की स्थापना की मांग को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल. उइके को ज्ञापन सौंपा।

संघ के जिलाध्यक्ष घनश्याम पुरी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी निरंतर जनसेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दिन–रात विभिन्न परिस्थितियों में कार्य करते हुए आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराते हैं तथा अनेक स्वास्थ्य जोखिमों का भी सामना करते हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि जब स्वास्थ्य विभाग के कार्यरत या सेवा निवृत्त कर्मचारी, अधिकारी अथवा उनके परिवारजन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती होते हैं, तब उन्हें कई बार पर्याप्त सुविधाएं एवं समुचित व्यवस्था प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य और कल्याण को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। संघ ने मांग की है कि जिला चिकित्सालय बालोद में स्वास्थ्य विभाग के कार्यरत एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों, अधिकारियों तथा उनके परिवारजनों के लिए आरक्षित, विशेष वार्ड की स्थापना की जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बेहतर उपचार, सुरक्षित वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। संघ के अनुसार यह पहल कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ–साथ विभाग के प्रति उनके समर्पण और निष्ठा को भी मजबूत करेगी। ज्ञापन के माध्यम से डॉ. जे. एल. उइके से इस विषय पर सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। ये रहे उपस्थित इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष घनश्याम पुरी, जिला उपाध्यक्ष रोशन प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र देशमुख, जिला उपाध्यक्ष प्रेम साहू, डौंडी लोहरा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश देशमुख व जिला पदाधिकारी नारद साहू, रितेश देशमुख, अनिल सोनी, जयपाल सिंग, सीपी साहू, सीपी देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। संघ ने उम्मीद जताई है कि कर्मचारियों, सेवा निवृत कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के हित में इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।



**खबर संक्षेप**

## शुल्क बढ़ने से गरीबों के बच्चे होंगे शिक्षा से वंचित



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा 10 वीं 12 वीं फीस में 100% से 150% तक की गई बढ़ोतरी को दुर्ग भिलाई पालक संघ अध्यक्ष नासिर खोखर ने अनुचित ठहराते हुए फीस बढ़ोत्तरी को वापस लेने की मांग की है। सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा नर्सरी केजी 1, केजी 2 को आरटीई से हटा दिया गया। अब फीस में बढ़ोत्तरी दिखाता है की सरकार नहीं चाहती की गरीब के बच्चे भी शिक्षा ग्रहण करे , पूरा प्रदेश साक्षर बने अभी नियमित छात्रों की फीस 460 से बढ़ाकर 800, प्राइवेट छात्रों को 2000 रुपए कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 आवेदन पत्र शुल्क 80 से बढ़ाकर 150 रुपए, प्राइवेट छात्रों का सामान्य विलंब शुल्क 770 से बढ़ाकर 1000 रुपए किया गया है। नई व्यवस्था के तहत नियमित छात्रों की कुल परीक्षा फीस 460 रुपए से बढ़ाकर 800 रुपए कर दी गई है। यानी छात्रों को अब पहले की तुलना में 340 रुपए अधिक चुकाने होंगे। उन्होंने मांग की है कि इस अनुचित फीस बढ़ोतरी को वापस लियाा जाए। ताकि गरीबों के बच्चों शिक्षा से वंचित न हों।

## संस्कार, संस्कृति से जुड़ेगा विद्यार्थी जीवन

**दुर्ग।** प्रदेश के सभी विद्यालयों में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, दीप मंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, महापुरुषों की जीवनी का वाचन, मध्यान्ह भोजन मंत्र, राज्यगीत, गायत्री मंत्र एवं शांति मंत्र के नियमित आयोजन संबंधी जारी आदेश का भाजपा ने स्वागत किया है। इसे एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय बताया है। प्रवक्ता नितेश साहू ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होती, बल्कि उसका उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना भी होता है। वर्तमान समय में बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक दायित्वों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह निर्णय विद्यार्थियों में संस्कारों के बीजारोपण के साथ-साथ उन्हें अपनी सभ्यता, संस्कृति और महान परंपराओं से जोड़ने का कार्य करेगा।

# महापौर निधि के एक साल में 1.12 करोड़ के काम स्वीकृत, ज्यादातर अधूरे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग**

नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में महापौर कक्ष में शहर में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत व महापौर निधि के किए जा रहे कार्यों, सड़क डामरीकरण, सीमेंट कांक्रीट सड़कों, नाली-पुलिया निर्माण, स्ट्रीट लाइट, पेवर ब्लॉक, पेयजल व्यवस्था एवं शहर के सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। बाघमार ने अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की तथा कार्यों को निर्धारित समयसीमा एवं मानक गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने महापौर निधि से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से जानकारी ली कि एक वर्ष में प्राप्त 1.12 करोड़ की राशि से कितने कार्य पूर्ण हुए हैं तथा कितने कार्य प्रगतिरत अथवा शेष हैं। उन्होंने पुराने कार्यों के साथ-साथ नवीन स्वीकृत कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

## महापौर ने कहा- विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई

### कार्य के दौरान उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की भी हो जांच

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली सामग्री की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए तथा ठेकेदारों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं फील्ड में उपस्थित रहकर निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करें ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिल सकें।भूमिपूजन के उपरांत संबंधित स्थल पर शिलापट्ट स्थापित करने तथा कार्य की प्रगति का फोटोग्राफिक रिकॉर्ड संधारित कर जानकारी साझा करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी अधिकारी एवं निर्माण एजेंसियां समन्वय के साथ कार्य करें।



### हर काम की होगी जांच, शिकायत सही मिलने पर होगी कार्रवाई

लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने कहा कि नगर निगम द्वारा संचालित विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। जनहित के सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कर नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। बैठक में निगम के संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, पंकज साहू,विनोद मांझी,अपर्णा मिश्रा सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## आयोजन : विविध गतिविधियों से निखरी बच्चों की प्रतिभा

# समर कैंप का उत्साहपूर्ण समापन बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा**





पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला डौंडीलोहारा में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक समापन उत्साह, रचनात्मकता एवं बच्चों की प्रतिभा के शानदार प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ। समर कैंप का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मक अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास निर्माण एवं अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। समर कैंप के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग विषय आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने पूरे उत्साह और सहभागिता के साथ भाग लिया। कैंप में स्टोरी टेलिंग, न्यूज़ एंकरिंग, भूमिका अभिनय, चित्रकला, लिप्पण आर्ट, क्राफ्ट वर्क, मिट्टी कला, मूर्तिकला, बांस कला, पेपर क्राफ्ट, पपेट शो, मुखौटा निर्माण, विज्ञान एवं गणित के चमत्कारी प्रयोग, मानसिक खेल गतिविधियाँ, खेल, ध्यान, योग, संगीत कक्षाएं, खेलकूद तथा अनेक नवाचारी गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

विशेष आकर्षण के रूप में बच्चों ने मिट्टी के बर्तन एवं खिलौने निर्माण, चाक संचालन, मंडला आर्ट, फिंगर पेंटिंग, वॉटर कलर पेंटिंग तथा उपयोगी सजावटी सामग्री निर्माण में अपनी रचनात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान एवं गणित आधारित गतिविधियों ने बच्चों में जिज्ञासा, तार्किक चिंतन एवं समस्या समाधान क्षमता को विकसित किया। समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, सहयोग, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल तथा सृजनात्मक सोच का विकास हुआ। बच्चों ने "सीखो, सृजित करो और हर दिन खास बनाओ" की भावना को वास्तविक रूप से अनुभव किया। समापन अवसर पर प्रधान पाठक राजेश कुमार लारेंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि समर कैंप बच्चों के लिए केवल अवकाश का कार्यक्रम नहीं, बल्कि नई चीजें सीखने, अपनी प्रतिभा को पहचानने और जीवन कौशल विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने, जिज्ञासु बनने तथा विद्यालय में प्राप्त अनुभवों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैंप का उद्देश्य विषय अध्यापन के साथ-साथ बच्चों को पारंपरिक शिक्षा से आगे बढ़कर कुछ नया सीखने, स्वयं अनुभव करने और रचनात्मक सोच विकसित करने का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गतिविधि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को सामने लाने और उन्हें आत्मनिर्भर एवं नवाचारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। समापन अवसर पर उपस्थित संकुल समन्वयक द्वय नरेंद्र साहू एवं मोहित भौसार्य ने दस दिवसीय समर कैंप के दौरान बच्चों द्वारा सीखी गई गतिविधियों एवं निर्मित सामग्रियों का अवलोकन कर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अवकाश का समय जब सीखने, सृजन और आत्मविकास में परिवर्तित हो जाए, तभी समर कैंप की वास्तविक सार्थकता सिद्ध होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करते हुए निरंतर नई चीजें सीखने और अपनी कल्पनाशीलता को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। समापन अवसर पर प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सक्रिय सहभागिता हेतु प्रमाण-पत्र एवं सम्मान प्रदान किए गए। विद्यालय परिवार द्वारा समर कैंप को सफल बनाने में सहयोग देने वाले पालकों, शिक्षकों एवं सभी सहभागी जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस समर कैंप के सफल आयोजन में शिक्षक अल्का खरे, खिलेश्वरी साहू, चंद्रकला ठाकुर, डोमेंद्र साहू, नरोत्तम जांगड़े एवं चित्रलेखा साहू खेल प्रशिक्षक डोमेंद्र जगनायक का विशेष सहयोग एवं सक्रिय योगदान रहा।पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला डौंडीलोहारा भविष्य में भी विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु ऐसे नवाचारी एवं अनुभवात्मक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। समापन का यह अवसर केवल एक कार्यक्रम का अंत नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर जागी नई सोच, नई ऊर्जा और नए सपनों की एक प्रेरक शुरुआत बनकर यादगार रहा।

# मंत्री गजेंद्र यादव की प्रेरणा से 48 युवाओं ने किया रक्तदान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग**



शहर विधायक और केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के जन्मदिन पर 48 युवाओं ने रक्तदान किया। गजेंद्र यादव की प्रेरणा से इन लोगों को रक्तदान कर लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस विशेष दिन पर पूर्व मुख्यमंत्री और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर कान्हा जी महाराज की टीम द्वारा सुन्दर भजन संध्या की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात देर शाम तक प्रसिद्ध गायक सुनील सोनी और उनके साथ कलाकारों की टीम ने छत्तीसगढ़ी गीत संगीत की सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। रक्तदान करने वाले युवाओ को संस्था द्वारा निःशुल्क हेलमेट और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। समारोह में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक डोमनलाल कोर्सवाड़ा, पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे, पूर्व मंत्री रामशीला साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, अपैक्स बैंक से भरत वर्मा, महापौर अलका बाघमार, खादी ग्रोमोद्योग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, इंद्रजीत सिंह, लोक शिक्षण संचालक ऋतुराज रघुवंशी, समग्र शिक्षा प्रबंध संचालक किरण कौशल, पुष्पा साहू, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौड़, दुर्ग आईजी अभिषेक सांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य शामिल हुए।

# ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तैयार की जा रही कार्ययोजना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग**



विकसित भारत जी-राम-जी के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 15 एवं 16 जून को किया जा रहा है। सोमवार को इसकी शुरुआत हुई। प्रशिक्षण का उद्देश्य विकसित भारत के संकल्पों एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की क्षमता संवर्धन करना, कार्यक्रम के विभिन्न घटकों की जानकारी प्रदान करना तथा ग्राम स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना है। प्रशिक्षण में दुर्ग संभाग के दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों के सहायक परियोजना अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी सहभागी हैं। मास्टर ट्रेनर एवं सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा विकसित ग्राम पंचायत योजना के प्रमुख उद्देश्यों एवं घटकों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं भविष्य के लिए तैयार बनाना है। योजना के अंतर्गत स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा सतत विकास हेतु उत्पादक आधारभूत संरचना विकसित करने पर बल दिया गया है। इसके साथ ही स्थानीय आवश्यकताओं एवं आर्थिक क्षमता के अनुरूप आजीविका उन्मुख आधारभूत संरचना के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण पर भी जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि विकसित ग्राम पंचायत योजना का तीसरा महत्वपूर्ण आयाम भविष्य के लिए तैयार ग्राम पंचायतें हैं, जिसके अंतर्गत प्रौद्योगिकी, सतत विकास, जलवायु अनुकूलन एवं नवाचार को ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में शामिल कर विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप ग्रामीण परिवर्तन सुनिश्चित किया जाएगा।

## बारिश पूर्व नाली-नालों की सफाई करने अधिकारी व कर्मचारियों को दिये निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग**



विधायक ललित चंद्राकर ने मानसून से पूर्व विधानसभा क्षेत्र के सभी नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों और संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को नाली, नाला और जलभराव वाले स्थानों की प्राथमिकता से सफाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान आम जनता को जलभराव की समस्या से न जूझना पड़े, इसके लिए अभी से ठोस तैयारी जरूरी है।

विधायक ललित चंद्राकर ने को अधिकारियों निर्देशित करते हुए में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारना हम सबकी जिम्मेदारी है। पिछले वर्षों में कई स्थानों पर नालियों की समय पर सफाई न होने से सड़कों पर पानी भरने के साथ ही बीमारियों का खतरा था। इस बार ऐसी स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नगर निगम रिसाली, नगर पंचायत उतई और सभी ग्राम पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले 15 दिनों के भीतर अपने-अपने क्षेत्र की सभी बड़ी-छोटी नालियों, पुल-पुलियों के नीचे और जलभराव वाले चिन्हित स्थानों की पूर्ण सफाई कराएं। कचरा, सिल्ट और मलबा तत्काल हटाकर डंपिंग साइट पर भेजा जाए। सफाई कार्य की मॉनिटरिंग के लिए वार्डवार और पंचायतवार टीम बनाई जाए। कार्य की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। सफाई के बाद हितग्राहियों से फीडबैक भी लिया जाए।

# दादा-दादी, नाना- नानी पार्क हो रहा उजाड़, पूर्व पार्षदों ने जताई चिंता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग**

- पार्क को व्यवस्थित करने की रखी मांग



कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने दादा-दादी, नाना-नानी पार्क का भ्रमण कर उसकी दुर्दशा का जायजा लिया और इस बात पर गहरी चिंता जताई कि नगर निगम प्रशासन की अनदेखी के कारण कभी शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने वाला यह बहुपयोगी पार्क संधारण के अभाव में खंडहर के रूप में तब्दील होता जा रहा है। गौरतलब है कि 2008 में तात्कालीन महापौर सरोज पांडेय ने एसपी बंगले के सामने इस पार्क का निर्माण कराया था। जहां बच्चे, बूढ़े और महिलाएं सब आया करते थे। मार्निंग वाक और योगा करते थे। हरियाली लोगों को लुभाती थी। पेड़ पौधों पर की गई लाईटिंग आकर्षण का केन्द्र हुआ करती थी। पीने का पानी सुलभ कराने कलात्मक अमृत कलश बना गया था। जिसे अब स्टोर बना दिया गया है। लाईटिंग व्यवस्था तहस नहस हो गई है। गार्डन के निचले हिस्से में गढ्ढे पड़ गए हैं जिससे बारिश के मौसम में इसका आधा हिस्सा जलमग्न हो जाता है। मजबूरन लोगों को सड़क पर योगा करना पड़ता है और मुस्कान मित्र मंडल संस्था को भी सड़क पर अपना नियमित कार्यक्रम करना पड़ता है। पूरा पार्क खंडहर बनता जा रहा है और अपनी उपयोगिता खोता जा रहा है। पूर्व नेता लिखन साहू, पूर्व पार्षद अमृत लोढ़ा, डॉक्टर छत्रसाल गायकवाड, संजय सिंह, भोला महोबिया, मनोज चंद्राकर, अनिल देवांगन, मनीष यादव, सुरेंद्र ठाकुर, राजकुमार वर्मा, युवराज ठाकुर, आदि ने मांग की है कि बारिश के पूर्व पार्क में मुरम या डस्ट डाल कर समतलीकरण किया जाए। अन्य संधारण कार्य कर उसे व्यवस्थित किया जाए।

**समक्षः- श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला- बालोद छ.ग.**

दुलेश्वरी पति ठाकुर राम, जाति राऊत, उम्र 24 वर्ष साकिन खरथुली, पो. बडगांव, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद (छ.ग.) .... शपथकर्ती

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ती शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं-

1. यह कि शपथकर्ती का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि शपथकर्ती का वास्तविक नाम दुलेश्वरी है, जिसका उल्लेख शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज में अंकित है जो कि सत्य व सही है किन्तु त्रुटिवश आधार कार्ड क्रमांक 207969318052 में नाम धुलेस्वरी दर्ज हो गया है। अतएव आधार कार्ड में नाम सुधार किया जाना आवश्यक है के निमित्त सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र ( गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. के समक्ष आज दिनांक 15/06/2026 को शपथकर्ता द्वारा निष्पादित है।
3. यह कि, शपथकर्ती के द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य है गलत पाये जाने पर पूरी जवाबदारी शपथकर्ता की होगी। अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है।

दुलेश्वरी
शपथकर्ती

**सत्यापन**

मै शपथकर्ती सत्यनिष्ठा से सत्यापित करती हूं कि शपथपत्र की कंडिका 1 से लेकर 3 तक दी गई जानकारी सत्य व सही है। जिसे पढ़कर / पढ़ाकर / समझकर स्थान डौण्डीलोहारा में दिनांक 15/06/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन करती हूं।

दुलेश्वरी
सत्यापनकर्ती

## पेज 15 के शेष

### टेकाढोड़ा में नवीन ....

ने नवीन आंगनबाड़ी भवन को ग्राम के विकास और बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया

### ट्रक से कुचलकर वृद्धा की मौत ...

ले गया, जिससे उसकी दादी के शरीर में गंभीर चोंट लगने से मृत्यु हो गयी। प्रार्थी हिमांशु साहू की उक्त लिखित शिकायत के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना बालोद में अपराध क्रमांक–523/2025, भारतीय न्याय संहिता की धारा–105 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया गया।

सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा–105 एवं धारा 185 एम.व्ही.एक्ट के अंतर्गत अभियोग पत्र पेश किया गया। प्रकरण में आये प्रबल एवं ठोस साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया।

### निकासी नाली बंद होने से ...

पेयजल एवं कृशि कार्य हेतु व घरो में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो रहा है। इसलिए उक्त ग्रामीण समस्या को ध्यान में रखकर निकासी नाली को खुलवाया जाए ताकि ग्रामीणो को दिक्कतो का सामना ना करना पड़े।

### युवक से मारपीट, तीन ...

पुर्व में मैं अपनी समस्याओं को लेकर ग्राम विकास समिति में अपनी बात रखा था, जिसमें कोई सुनवाई नही हुआ था। आज गांव में विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्राम विकास समिति का मीटिंग रखा गया था। जिसमें मै बोला कि जब आप लोग मेरी समस्या का कोई समाधान नही कर सके, तो आज किस बात का मीटिंग रखे हो, इसी बात को लेकर हेमंत चंद्राकर, डेमन चंद्राकर एवं दीपक चंद्राकर तीनो मुझे गालिया देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं। मारपीट करने से मेरे कमर, पीठ, गला तथा सिर में दर्द हो रहा है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# छत्तीसगढ़ पुलिस के राम-लक्ष्मण को मिला शौर्य चक्र, एसएसपी ने थपथपाई पीठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस लाइन दुर्ग स्थित सभागार में शौर्य चक्र से सम्मानित निरीक्षक लक्ष्मण केवट,निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख का नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी, सीएसपी समेत सेवानिवृत्त कर्मी मौजूद थे। दोनों निरीक्षकों के उत्कृष्ट साहस, वीरता, नेतृत्व क्षमता और नक्सल विरोधी अभियानों में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए दुर्ग पुलिस ने उन्हें सम्मानित किया है।

शौर्य चक्र भारत का शांति काल में प्रदान किया जाने वाला तीसरा सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है। यह सम्मान उन सैन्य, अर्धसैनिक, पुलिस अधिकारियों, नागरिकों को प्रदान किया जाता है। यह अलंकरण राष्ट्र के प्रति समर्पण, बहादुरी, सर्वोच्च सेवा भावना का प्रतीक माना जाता है। निरीक्षक लक्ष्मण केवट का जन्म 1 जुलाई 1986 को मनेन्द्रगढ़ में हुआ। 12 अप्रैल 2007 को जिला सूरजपुर में आरक्षक के पद पर पुलिस सेवा शुरु की। अगस्त 2012 में उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत होकर जिला बीजापुर में पदस्थ हुए और नवंबर 2014 में निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली। वर्ष 2012 से 2017 तक बीजापुर, वर्ष 2017 से 2022 तक राजनांदगांव, वर्ष 2022 से वर्तमान तक जिला कांकेर में अपनी सेवाएं दी हैं। वर्तमान में वे थाना प्रभारी पखांजूर के पद पर कार्यरत हैं।

## शौर्य चक्र से सम्मानित दोनों निरीक्षकों का दुर्ग पुलिस ने किया अभिनंदन

### निरीक्षक लक्ष्मण और रामेश्वर के बारे में जानें

निरीक्षक लक्ष्मण केवट का जन्म 1 जुलाई 1986 को मनेन्द्रगढ़ में हुआ। 12 अप्रैल 2007 को जिला सूरजपुर में आरक्षक के पद पर पुलिस सेवा शुरु की। अगस्त 2012 में उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत होकर जिला बीजापुर में पदस्थ हुए और नवंबर 2014 में निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली। वर्ष 2012 से 2017 तक बीजापुर, वर्ष 2017 से 2022 तक राजनांदगांव, वर्ष 2022 से वर्तमान तक जिला कांकेर में अपनी सेवाएं दी हैं। वर्तमान में वे थाना प्रभारी पखांजूर के पद पर कार्यरत हैं। निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख का जन्म 1 अप्रैल 1986 को हुआ। उनका गृह ग्राम झोला जिला दुर्ग है। उन्होंने 18 जून 2007 को जिला दंतेवाड़ा में आरक्षक के पद पर पुलिस सेवा शुरु की। अगस्त 2012 में उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त कर जिला बीजापुर में पदस्थ हुए। जुलाई 2015 में निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए। वर्ष 2012 से 2018 तक बीजापुर, वर्ष 2018 से 2022 तक राजनांदगांव, वर्ष 2022 से वर्तमान तक जिला कांकेर में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। वर्तमान में वे थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर के पद पर पदस्थ हैं।



### नक्सल अभियानों में रहा बड़ा रोल

निरीक्षक लक्ष्मण ने नक्सल विरोधी अभियानों में उन्होंने 40 सफल मुठभेड़ों में अहम योगदान रहा। 97 नक्सलियों के शव बरामद करने में अहम रोल था। उनके उत्कृष्ट एवं साहसिक योगदान के लिए 1 शौर्य चक्र, 6 पुलिस वीरता पदक, 1 केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक, 3 सीआरपीएफ महानिदेशक प्रमाण पत्र, बीएसएफ महानिदेशक कमेंडेशन रोल,1 आउट ऑफ टर्न पूर्ण पदोन्नति से सम्मानित किया जा चुका है। निरीक्षक रामेश्वर ने नक्सल विरोधी अभियानों में उन्होंने 25 सफल मुठभेड़ों में सक्रिय सहभागिता निभाई तथा विभन्नि अभियानों में 58 नक्सलियों के शव बरामद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी वीरता एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए उन्हें 01 शौर्य चक्र, 2 पुलिस वीरता पदक, 1 केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक, 1 आउट ऑफ टर्न पदोन्नति से सम्मानित किया जा चुका है।

## से.9 अस्पताल का बंद हो निजीकरण, रिटेंशन सुविधाएं चालू नहीं होने पर होगा आंदोलन

# बीएसपी में आवासीय व मेडिकल सुविधाओं के सिमटने से हजारों कर्मियों और परिवारों की बढ़ रही है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में धीरे धीरे कर्मचारियों की सुविधाओं से हाथ खींचने का खामियाजा कर्मचारियों भुगतना पड़ रहा है। मेडिकल और आवासीय सुविधाओं को लेकर कर्मियों में चिंता और असंतोष बढ़ रहा है। संयुक्त ट्रेड यूनियन भिलाई सेक्टर 9 अस्पताल की सेवाओं में गिरावट और हास्पिटल के निजीकरण पर रोक और रिटेंशन व लायसेंसी आवास सुविधाओं को बंद नहीं किए जाने की मांग बीएसपी प्रबंधन से की है। ऐसा नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। यूनियन नेताओं ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र को ऊंचाई पर ले जाने में मेहनतकश कर्मचारियों की दो पीढ़ियों का लंबा योगदान रहा है। बहुत से कर्मचारी रिटायर होने के बाद भी सिर्फ इसलिए अपने गृह राज्य वापस नहीं गए और भिलाई में ही बस गए क्योंकि यहां उन्हें आवास व सेक्टर नौ हास्पिटल में मेडिलकल सुविधाएं का लाभ मिलना तय था। संयुक्त यूनियन की सेक्टर 4 इंटक कार्यालय में हुई अहम बैठक में बीएसपी के जेएलएनएच अस्पताल के निजीकरण किए जाने पर कर्मियों को होने वाली परेशानी और आवासीय सुविधाएं में कटौती पर गंभीर चर्चा की गई। यूनियन ने कहा कि सेल प्रबंधन द्वारा सेक्टर 9 अस्पताल का निजीकरण की दिशा में विभिन्न निजी कंपनियों से सर्वेक्षण एवं अन्य प्रक्रियाएं प्रारंभ की जा रही हैं। यूनियन इसे कर्मचारी विरोध कदम बताते हुए कहा कि सेक्टर-9 अस्पताल कभी मध्य प्रदेश के सबसे उत्कृष्ट अस्पतालों में गिना जाता था।

संयुक्त यूनियन की हुई बैठक में बीएसपी में सुविधाओं की कटौती पर हुई चर्चा



### जेएलएनएच की सुविधाओं में आई गिरावट

यूनियन ने बताया कि बीएसपी व अस्पताल प्रबंधन की गलत नीतियों एवं डॉक्टरों तथा चिकित्सा स्टाफ की लगातार कमी के कारण इसकी सुविधाओं में गिरावट आई है। जबकि वर्षों बाद भी आज भी यह अस्पताल सेल के सेवानिवृत्त निदेशकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर रहा है। यूनियन ने प्रबंधन से कर्मचारी व जन हित में अस्पताल के निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल बंद कर डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य चिकित्सा कर्मचारियों की भर्ती कर सुविधाओं का विस्तार करने पर जोर दिया। इससे वर्तमान, भूतपूर्व एवं भविष्य के कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि में संयुक्त ट्रेड यूनियन का प्रतिनिधिमंडल सेक्टर-9 अस्पताल के निदेशक (स्वास्थ्य एवं सेवाएं) को ज्ञापन सौंपकर चर्चा करेगा।

### लाइसेंस आवास सुविधा पुनः प्रारंभ हो

बैठक में बीएसपी के कर्मचारियों के आवास संबंधी सुविधाओं में भी कटौती पर चिंता व्यक्त कर विरोध किया गया। संयुक्त ट्रेड यूनियन ने कहा कि कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूर्व में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए रिटेंशन एवं लाइसेंस के आधार पर आवास आवंटन की सुविधा उपलब्ध थी, जिसे वर्तमान में बंद कर दिया गया है। रिटेंशन का किराया अत्यधिक बढ़ा दिया गया है तथा लाइसेंस पर रह रहे कर्मचारियों के आवासों का नवीनीकरण भी नहीं किया जा रहा है। नए आवेदकों को लाइसेंस के आधार पर आवास आवंटन भी बंद कर दिया गया है। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है।संयुक्त ट्रेड यूनियन ने प्रबंधन से मांग की कि रिटेंशन एवं लाइसेंस की सुविधाओं को पूर्ववत जारी रखा जाए। मांग पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों के हित में आंदोलन एवं प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।बैठक में इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू, लोईमू एवं स्टील वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाली 15 दुकानों पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- भिलाई निगम की स्वास्थ्य टीम ने लक्ष्मी नगर में की गई कार्रवाई

शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-1 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्ड क्रमांक 10 लक्ष्मी नगर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान फल ठेलों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अनुज्ञप्ति लाइसेंस की जांच की गई तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर चालानी कार्रवाई की गई। निरीक्षण में कुल 15 दुकानों व ठेलों पर नियमों का उल्लंघन पाया गया। जिन पर जुर्माना लगाया गया। कई फल ठेलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर 50 से 100 रुपए तक का जुर्माना लगाया गया। कुल 11 फल व सब्जी ठेलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के लिए चालान किया गया। एक जूते वाले एवं एक रेडीमेड दुकान पर अनुज्ञप्ति लाइसेंस न होने व नियम उल्लंघन के कारण 500-500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। सोनू चौहान, किशन, राहुल सोनकर, विक्की, छोटू सोनकर, सुजीत, सुनील, जोगिंदर, उमेश साह, लगन देवी, अजय, गणेश सहित अन्य दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 2120 रुपए की राशि चालानी कार्रवाई के रूप में वसूली गई। नगर निगम ने कहा है कि शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिक निगम भिलाई की टीम ने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।



## खबर संक्षेप

### अड्डेबाजी करने वाले पर हुई कार्रवाई, भेजा जेल

**भिलाई।** ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलिस अभियान चलाकर खुले में शराब सेवन और अड्डेबाजी करने वाले 121 पर कार्रवाई की गई है। इसमें तीन अवैध शराब बेचने वालो को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से 91 पौवा अवैध शराब,बेचने के रकम 1,370 रुपये समेत 10,470 रुपये की संपत्ति जप्त की गई। पुलिस ने नशाखोरी, अड्डेबाजी, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मुखबिर सूचना पर पुलगांव, चौकी अंजोरा, रानीतराई में पृथक-पृथक दबिश देकर अवैध शराब के 3 आरोपियों को पकड़ा है। मामले में पुलिस ने ऑपरेशन वश्विास के तहत दुर्ग पुलिस की लगातार सख्त कार्यवाही जारी, खुले में शराब सेवन एवं अड्डेबाजी करने वाले 121 व्यक्तियों पर कार्यवाही, अवैध शराब बक्रिी करते 3 आरोपी पिसेगांव निवासी तोमन लाल, थनौद धुरवा बरैय्या बलदेव सोनी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कुम्हारी 12, भिलाई नगर 12, वैशाली नगर 10, उतई 9, मोहन नगर 7, दुर्ग 7, नंदिनी नगर 7, पद्मनाभपुर 6, जामुल 5, छावनी 5, पुलगांव 5, अंजोरा 5, सुपेला 4, नेवई 4, स्मृतिनगर 3, नगपुरा 3, पाटन 3, धमधा 3, अमलेश्वर 2, भिलाई भट्टी 1, रानीतराई 1, जामगांव 1 पर कार्रवाई की गई।

### फैक्ट्री में घुसकर केबल वायर चोरी करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** फैक्ट्री के भीतर घुसकर केबल वायर चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि बी.एस. इंटरप्राईजेस कंपनी में घुसकर वेल्डिंग केबल, वेल्डिंग लीड,कंट्रोल पैनल चोरी करने वाल तेल्हा नाला के पास, सुलभ शौचालय एचएससीएल कॉलोनी, छावनी निवासी विनोद ठाकुर को पकड़ा गया। उसके पास से 4 किलो वेल्डिंग केबल3,200 रुपये का जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा है। शिकायत वैशाली नगर निवासी सरबजीत सिंह ने पुलिस से चोरी के बाद किया था। आरोपी से पूछताछ में स्वीकार किया कि फैक्ट्री के भीतर घुसकर उक्त सामान को चोरी किया है। केबल वायर को आग से जलाकर सुलभ शौचालय के ऊपर छिपाकर रखा था।

### 5 मवेशियों के साथ आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** पांच मवेशियों के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सफेद रंग का वाहन बोलेरो मैक्स पिकअप वाहन एमएच एजे 3531 महाराष्ट्र पासिंग को रोका गया। जिसमें पांच मवेशियों को परिवहन कर बेरला क्षेत्र से धमधा होते हुए कत्लखाने लेकर जा रहे थे। चालक चिचटोला, पोस्ट बड़गांव बालाघाट एमपी निवासी दुर्गेश घोरमारे को पकड़ा गया। पूछताछ में चालक ने स्वीकार किया कि मवेशियों को बेरला क्षेत्र से लोड कर गोंदिया स्थित कत्लखाने लेकर जा रहा था। पुलिस ने आरोपी से परिवहन से जुड़े वैद्य दस्तावेज,रसीद प्रस्तुत करने के लिए नोटिस दिया गया। उसके पास कोई वैद्य दस्तावेज पेश नहीं कर सका। वाहन की कीमत 10 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004,पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**आयोजन**

# जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा एवं महिला जागृति शिविर में बाल विवाह निषेध, महिला सशक्तीकरण पर जोर

**पॉक्सो एक्ट और बाल संरक्षण योजनाओं की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत बासीन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला कार्यक्रम अधिकारी आर के जामुलकर एवं जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा सह महिला जागृति शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया तत्पश्चात अतिथि देवो भव के तहत सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत दुर्ग सभापति गोकुल वर्मा ने किया।

■ स्वास्थ्य जांच और सुरक्षा किट का वितरण

अन्य अतिथि गण जनपद सदस्य पूर्णिमा वर्मा करंजा भिलाई, दिलीप वर्मा सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष करंजा भिलाई ,ग्राम की प्रथम नागरिक सरपंच चित्ररेखा साहू,पंचगण अनपूर्णा देवागन ,चन्द्रकला नवरंगे ,अन्नू बंछोर रहे। दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी उषा झा के द्वारा विभागीय जानकारी के साथ बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की चर्चा की गई। अध्यक्ष सरस्वती बंजारे द्वारा विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अभियान द्वारा विभिन्न जन जागरुकता कार्यक्रम की सराहना की गई। उन्होंने बहुत ही सुंदर जोश पूर्ण गीत के प्रस्तुतीकरण के साथ नारी शक्ति को जगाने का प्रयास किया।जनपद सदस्य पूर्णिमा वर्मा द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की सराहना की गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डाली साहू द्वारा एच पी वी वैक्सीन के बारे मे जानकारी दी जो आने वाले समय में गर्भाशय कैंसर के बचाव के लिए 14 वर्ष से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को निशुल्क जिला स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से लगाया जा रहा है। पुलिस विभाग की रक्षा टीम से दीपक साहू द्वारा साइबर अपराध से बचने, डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ भी नहीं होता उसके प्रति सजग रहने के बारे में जानकारी दी गई।

अधिवक्ता विभा मिश्रा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे मे जानकारी दी तथा बेटियों के साथ साथ बेटों को भी संस्कार देने की बात कही। जिले से आईसीपीएस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, छत्तीसगढ़ स्पॉन्सरशिप योजना, दत्तक पुत्री योजना, साइबर क्राइम,18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जो लैंगिक अपराधों से पीड़ित हैं, उस संबंध में कानूनी जानकारी दी गई।कार्यक्रम में 30 महिलाओ का एच बी जांच के साथ साथ किशोरी बालिका का एच बी, सिकलिंग टेस्ट किया गया,जिसमें 45 बालिकाएं लाभान्वित हुई, इन बालिकाओं को सुरक्षा किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद एवं छोटे छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान दुर्गा को मिला वहीं मटका फोड़ में जनता ने प्रथम और अलका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता महिलाओं को पुरस्कार दिया गया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर भाग लेने वाली सभी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में मिलने वाले रेडी टू ईट एवं नमकीन पौष्टिक दलिया से बने हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजन की प्रदर्शनी भी की गई ताकि सभी माताएं इस तरह का विविधता पूर्ण व्यंजन बनाकर अपने बच्चों को खिलाएं एवं उन्हें कुपोषित होने से बचा सकें। कार्यक्रम में 04 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान कर गोदभराई कार्यक्रम कराया गया एवं 04 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया और स्वस्थ शिशु हेतु मंगलकामनाएं की गई। कार्यक्रम में परियोजना दुर्ग ग्रामीण से पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा, चंद्रकला वर्मा, शशि रैदास ,तृप्ति शर्मा ,एवं ननकट्ठी एवं जेवरा सिरसा की कार्यकर्त्ता के साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया 'कम तेल की थाली, स्वस्थ भारत की खुशहाली' कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल गुण्डरदेही द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे 15 जुन सोमवार को भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही में कम तेल की थाली, स्वस्थ भारत की खुशहाली कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोषी साहू के नेतृत्व मे किया गया।

साथ ही गुण्डरदेही मंडल द्वारा महिला मोर्चा की प्रथम बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ मोना टुवानी मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए। उन्होंने कम तेल कम गैस में खाना बनाने के बारे में महिलाओं को बताया एवं स्वास्थ्य संबंधित जानकारी भी दी। ये रहे उपथित कार्यक्रम मे महिला मोर्चा महामंत्री भारती साहू, अंजू राजपूत, मंत्री कीर्ति साहू, पार्षद शैल महोबिया, चुम्मीन साहू, सरोज सोनकर, मीरा साहू, कुलेश्वरी साहू, खिमेश्वाली साहू, लक्ष्मी साहू, गंगा साहू, रोहिणी साहू, चेतेश्वरी, तुलेश्वरी अनुसुइया, सरिता, पुष्पलता, मंजू साहू सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निगम ने अवैध मदरसा, मकान और दुकानों पर चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई निगम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। जोन-01 नेहरू नगर अंतर्गत उल्लास नगर एवं नेहरू नगर राष्ट्रीय राजमार्ग में बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए ईडब्लूएस की जमीन पर किए गए अवैध अतिक्रमण को पूरी तरह ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार किया गया। शिवा पब्लिक स्कूल के ठीक सामने लंबे समय से ई.डब्लू.एस. की जमीन पर अवैध रूप से मदरसा और आवासीय मकान का निर्माण किया गया था। खास बात यह है कि इस अतिक्रमण भूमि पर शासन की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के लिए आवास निर्माण प्रस्तावित है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा इस पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया था। उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश के परिपालन में जिला प्रशासन, निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और अवैध धार्मिक संरचना एवं अतिक्रमण आवासों को हटाने कार्रवाई की।

## अण्डा थाना कार्रवाई पर बढ़ा विवाद, ग्रामीणों ने किया घेराव, निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा



थाना अण्डा पुलिस द्वारा 13 जून 2026 को जंजगिरी तिराहा में सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन के आरोप में चार लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कार्रवाई से नाराज दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने थाना अण्डा पहुंचकर घेराव किया और पुलिस कर्मियों पर दुर्व्यवहार, मारपीट तथा कथित रूप से डेढ़ हजार रुपये लेने जैसे गंभीर आरोप लगाए।

■ सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन के मामले में चार लोगों पर कार्रवाई के बाद पुलिस पर दुर्व्यवहार और मारपीट के आरोप

ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपकर आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि गांव के एक पूर्व सरपंच के साथ कथित रूप से थप्पड़ मारने जैसी घटना हुई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

ग्रामीणों का कहना है कि जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उन्होंने शराब सेवन किया था, लेकिन उनके पास से कोई बड़ी मात्रा में शराब बरामद नहीं हुई थी। उनका आरोप है कि बिना किसी मशीन या वैज्ञानिक परीक्षण के उन्हें रास्ते में रोककर पुलिस वाहन में बैठाकर थाना लाया गया तथा उनके साथ अनुचित व्यवहार किया गया।

जंजगिरी निवासी तेजय कुमार देशमुख (43 वर्ष), गुणवंत लाल साहू (57 वर्ष), महेश कुमार साहू (43 वर्ष) तथा बोरीगारका निवासी अरविंद साहू (35 वर्ष) हैं, जिनके विरुद्ध थाना अण्डा पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 36(च) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

**पुलिस का पक्षः** पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर जंजगिरी तिराहा में सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस का दावा है कि आरोपियों के कब्जे से शराब, खाली बोतल, डिस्पोजल गिलास एवं अन्य सामग्री जब्त की गई तथा मेडिकल परीक्षण में शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद नियमानुसार गिरफ्तारी एवं वैधानिक कार्रवाई की गई।

### थाना प्रभारी ने दिया जांच का आश्वासन

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी श्रद्धा पाठक ने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन स्वीकार कर लिया है। उन्होंने शिकायत में नामजद दिलीप राउत, राजेश कुमार साहू सहित अन्य दो पुलिस कर्मियों के संबंध में अपने वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर जांच कराने एवं तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा है कि यदि शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित पुलिस कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। अब पूरे मामले पर लोगों की नजरें जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं। एक ओर पुलिस कार्रवाई को वैधानिक बता रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण इसे पुलिस की ज्यादती बताते हुए न्याय की मांग कर रहे हैं। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा।

### पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में विभिन्न प्रशिक्षकों की भर्ती हेतु 23 जून को वॉक-इन-इंटरव्यू

**बालोद।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में अंशकालीन विभिन्न प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन 23 जून को आयोजित की गई है। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली के प्राचार्य ने बताया कि पीएम श्री स्कूल योजना के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में सत्र 2026-27 हेतु संविदा अंशकालीन आधार पर योगा प्रशिक्षक, खो-खो एवं हैण्डबाल हेतु स्पोटर्स प्रशिक्षक, डांस प्रशिक्षक, संगीत इंस्ट्रूमेन्ट प्रशिक्षक, लड़कियों के लिए सेल्फ डिफेन्स प्रशिक्षक, स्किल शिक्षक आई टी एवं अटल टिंकरिंग लेब फेसिलेटर के लिए योग्य एवं अनुभवी अभ्यर्थियों के लिए वाक-इन-इंटरव्यू का आयोजन 23 जून को सुबह 10 बजे से पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्रें, अनुभव प्रमाण पत्र, अंक सूची एवं नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में शामिल हो सकते है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी विद्यालय के सूचना पटल एवं विद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है। उन्होंने बताया कि आवेदक को साक्षात्कार में शामिल होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## बढ़ती उदासीनता से सड़कों पर भटक रहा गौवंश, ग्रामीण चिंतित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में आमजन की गौवंश के प्रति बढ़ते उदासीनता से आज भी घुमंतू पशुएं चारा पानी की तलाश में सड़को में भटकने को मजबूर है। गौपालक कई कारण बताकर गौ वंश को घरों से निकाल रहा है।

जिले में गौ संरक्षण व गौ संवर्धन के तहत प्रशासन द्वारा पूर्व में कई नियम तो लाए गए, लेकिन गौपालको के प्रति कड़ाई से पालन नही होने के कारण दिन ब दिन जिले में गायो की स्थिति बदहाल होती जा रही है। जिसके कारण अब ना सिर्फ आम जनता परेशान है बल्कि खेती किसानी में भी किसानों को दिक्कतो का सामना करना पड़ सकता है। जिले में जहां प्रशासन द्वारा गायो के रख रखाव के लिए गौ मालिको द्वारा गायो को खुला में छोड़ने पर जुर्माना तथा सजा का प्रावधान किया गया था, लेकिन वे नियम व कानून किन फाईलो में दब गया पता नही। उस पर अमल नही हो सका। जहां पूर्व में लोग गायो को सुबह गौठान के लिए छोड़ देते थे तथा शाम तक गाय घर वापस ना आए तो गायो को ढूढने निकल जाते थे, लेकिन वर्तमान में लोग अपने गायो को वाहन या अन्य माध्यम से ले जाकर अन्य गांवो में छोड़ रहे है, जिसके कारण अब शहर के साथ जिले के गांव में भी गायो की स्थिति गंभीर होती जा रही है। जहां पूर्व में सिर्फ शहरो के सड़को में ही गाय चारा पानी के लिए भटकते दिखती थी। लेकिन बदलते परिस्थिति के कारण अब शहर जैसी स्थिति गांवो में भी उत्पन्न होने लगी है, जिसको लेकर शासन प्रशासन द्वारा कठोर कदम नही उठाया गया तो आगे और भी गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। जहां अब मानसून आगमन होने के बाद किसानों द्वारा खेतों में धान की फसल ली जाएगी, गायो से फसल की सुरक्षा के लिए किसानों द्वारा खेतों में मेड़ो में जालीदार घेरा लगाने के साथ सुबह शाम खेतो की रखवाली करने की तैयारी करते दिख रहे है। वही जिले के कई ऐसे गांव है जहां आज भी ग्राम समिति द्वारा गांव में गायो के चराने तथा दिन में देखभाल के लिए गौ चरवाहे नियुक्त किए गए है, जिन्हे ग्रामीण साल में जेवर के रूप में कुछ रूपये देने का काम करते है, जिससे वे चरवाहे अपना जीवन यापन करते चले आ रहे है, लेकिन अब पैसो की तंगी के चलते तथा घटते गौवंश से पैसे पर्याप्त नही मिलते, जिसके कारण चरवाहो की संख्या दिन ब दिन कम होती जा रही है तथा चरवाहे अपने मुख्य गौ पालन का काम छोड़ अब अन्य रोजी मजदूरी काम में लगने लगे है।

■ चारा-पानी की तलाश में सड़कों पर भटक रहे मवेशी

## सलौनी में मनाया रोजगार दिवस, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम पंचायत सलौनी में आज रोजगार दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, मेट एवं ग्राम के प्रमुखजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मनरेगा से जुड़े मजदूरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रोजगार दिवस के दौरान सभी मजदूरों ने गांव को स्वच्छ रखने तथा अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्वच्छता, हरियाली और रोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

इस दौरान रोजगार सहायक छवि पटेल सहित मेट योगेश्वरी केशरी, प्रीत निषाद, चेतन साहू, पुनीता, हसीना, केदार देशमुख, नीलकंठ, खेमू, झम्मन, शिवलाल, पुरुषोत्तम, पोषण लाल, नौनेश्वरी निषाद, शकुंतला, रामरतन, आगेश्वर, दिलेश्वर, ललिता, सौहाद्र, मुंशी सोनी, केशव, राखी और कुंजलाल उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने रोजगार दिवस को गांव के विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

**राष्ट्र गीत एवं महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ शुभारंभ**

# एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद







प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को बालोद के पांची सिनेमा, दुर्ग रोड में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रें से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती पंडित दीनदयाल पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्र गीत से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल रहे। अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्षोंं के कार्यकाल के दौरान संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्योंं तथा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित जनों से सरकार की नीतियों और योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी जिला कल्याण संघ के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, शिक्षकों, पत्रकारों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों ने सहभागिता निभाई। **ये रहे उपस्थित** इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, लघु वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, शक्ति के पूर्व विधायक खिलावन साहू, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, कृष्णकांत पवार, लेखराम साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, विरेन्द्र साहू, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, जिला महामंत्री राकेश 'छोटू' यादव एवं सौरभ लुनिया, पूर्व जिला महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, प्रबुद्ध जन सम्मेलन के संयोजक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष गुंडरदेही प्रमोद जैन, जिला कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे, जिला उपाध्यक्ष टिनेश्वर बघेल एवं ठाकुर राम चंद्राकर, जिला मंत्री प्रेम साहू एवं निशा योगी, जिला प्रवक्ता जितेन्द्र साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, विनोद जैन, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोपेन्द्र साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे व आभार कार्यक्रम संयोजक प्रमोद जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गाण, राष्ट्र निर्माण एवं जनसेवा के प्रति सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज